यदि मेरी इन सात शर्तों को तुम मंजूर करो तो मेरी पत्नी हो सकती हो ।

तब वधू कहे -

भगवंतः कल्याणं करिष्यन्ति ।

ये समस्त प्रतिज्ञायें मुझे मंजूर हैं ।

कन्या की तरफ से सात प्रतिज्ञायें

१. अन्यस्त्रीभिः सार्द्धं क्रीड़ा न करणीया ।

अन्य स्त्रियों के साथ क्रीड़ा मत करना ।

२. वेश्यागृहे न गन्तव्यम् ।

वेश्यादि खराब स्त्रियों के घर पर मत जाना ।

३. द्यूतक्रीड़ा न कार्या ।

जुआ मत खेलना ।

४. सदुद्योगाद् द्रव्यमुपार्ज्य वस्त्राभरणैः रक्षणीया ।

न्यायाकूल उद्योग धन्धे से धन कमाकर वस्त्राभरण से मेरी रक्षा करना ।

५. धर्मस्थानगमने न वर्जनीया ।

मन्दिर तीर्थ-क्षेत्रादि धर्मस्थान पर जाने से मुझे मत रोकना ।

६. गुप्त वार्ता न करणीया ।

घर सम्बन्धी कोई बात मुझसे गुप्त मत रखना, ताकि परस्पर सलाह कर सकें ।

७. मम गुप्त वार्ता अन्याग्रे न कथनीया ।

मेरी गुप्त बात दूसरे के आगे प्रकाशित मत करना ।

'भगवन्तः कल्याणं करिष्यन्ति' इति वरो वदेत् ।

इसके उत्तर में वर कहे कि ये सातों प्रतिज्ञायें मुझे मंजूर हैं ।

संशोधित महत्वपूर्ण प्रतिज्ञायें

यदि वर कन्या दोनों की सम्मिलित प्रतिज्ञायें कराना अभीष्ट हो तो निम्न प्रतिज्ञायें करायें -

१. हम जीवन भर स्वपति एवं स्वपत्नी सन्तोष व्रत का पालन करेंगे ।

२. हम एक दूसरे की धार्मिक स्वतन्त्रता में बाधक नहीं होंगे ।

३. हम एक दूसरे को वैयक्तिक उन्नति में सहायक होंगे ।

४. हम दहेज एवं अन्य किसी भी प्रकार के लेन देन को कोई महत्व नहीं देते हुए न्यायोपार्जित धन का उपभोग करेंगे ।

५. हम रोग एवं अन्य सभी प्रकार की विपत्तियों में एक दूसरे की सक्रिय सेवा करेंगे ।

६. हम एक दूसरे की सम्मति का पूर्ण सम्मान करते हुए कौटुम्बिक जीवन को सफल बनायेंगे ।

७. हम धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यों में यथाशक्ति सहयोग प्रदान करेंगे ।

उपर्युक्त सातों प्रतिज्ञायें हो जाने के बाद सातवें फेरे में वर को आगे और कन्या को पीछे करते हुए सातवें फेरे के बाद निम्न मन्त्र बोलकर अर्घ्य चढ़ावे ।

Scanned by CamScanner

७. ॐ ह्रीं निर्वाण-परमस्थानाय अर्घ्यम् ।

सातों फेरे हो जाने पर वर और कन्या वेदी के सामने ज्यों के त्यों खड़े हो जायें, बैठे नहीं ।

यहाँ पर गृहस्थाचार्य गृहस्थ जीवन के महत्त्व पर उपदेश दें और दान का महत्त्व बताकर वर पक्ष तथा कन्या पक्ष दोनों से दान की घोषणा करायें और उसी समय राशि यथास्थान पहुँचाने की व्यवस्था करें ।

तदनन्तर गृहस्थाचार्य हाथ में कलश लेकर जल की धारा देता हुआ नीचे लिखा पुण्याहवाचन पढ़े ।

ॐ पुण्याहं पुण्याहं । लोकोद्योतनकराः अतीतकाल-संजाताः निर्वाणादि - शान्तिपर्यन्ताः चतुर्विंशति - भूत - परमदेवाश्च वः प्रीयन्ताम् प्रीयन्ताम् ॥ धारा ॥ १ ॥

ॐ संप्रतिकालश्रेयस्कर - स्वर्गावतरण - जन्माभिषेकपरि - निष्क्रमण - केवलज्ञान - निर्वाणकल्याणक - विभूषित - महाभ्युदयाः श्रीवृषभादि - वर्द्धमानपर्यन्ताः वर्तमान - चतुर्विंशतिपरम – देवाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंताम् ॥ धारा ॥ २ ॥

ॐ भविष्यत् - कालाभ्युदयः प्रभवाः महापद्माद्यनन्त - वीर्य - पर्यन्ताश्चतुर्विंशति - भविष्यत्परमदेवाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंताम् ॥ धारा ॥ ३ ॥

ॐ त्रिकालवर्ति - परमधर्माभ्युदयाः सीमंधराद्यजित - वीर्यपर्यन्ताश्चेति - पञ्चविदेहक्षेत्र - विहरमाणाः विंशति - परम - देवाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंताम् ॥ धारा ॥ ४ ॥

ॐ वृषभसेनादिगणधरदेवाः वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ ५ ॥

ॐ कोष्ठबीज - पादानुसारि - बुद्धि - संभिन्न - श्रोत्रप्रज्ञा - श्रमणाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ ६ ॥

ॐ आमर्ष -क्ष्वेड - जल्ल - विडुत्सर्ग - सर्वौषधि - ऋद्धयश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ ७ ॥

ॐ जलफल - जंघातन्तु - पुष्प - श्रेणि - पत्राग्नि - शिखा - काश - चारणाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ ८ ॥

ॐ आहाररसवदक्षीण - महानसालयाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ ९ ॥

ॐ उग्रदीप्त - तप्त - महाघोरानुपम - तपसश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ १० ॥

ॐ मनोवाक्काय – वलिनश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ ११ ॥

ॐ क्रियाविक्रिया – धारिणश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ १२ ॥

ॐ मतिश्रुतावधि - मनःपर्यय - केवलज्ञानिनश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ १३ ॥

ॐ अङ्गाङ्गबाह्यज्ञानदिवाकराः कुन्दकुन्दाद्यनेक दिगम्बर - देवाश्च वः प्रीयंतां प्रीयंतां ॥ धारा ॥ १४ ॥

ॐ इह वाऽन्यनगर - ग्रामदेवतामनुजाः सर्वे गुरुभक्ताः जिनधर्म परायणाः भवन्तु ॥ धारा ॥ १५ ॥

ॐ दानतपोवीर्यानुष्ठानं नित्यमेवास्तु ॥ धारा ॥ १६ ॥

ॐ मातृ - पितृ - भ्रातु - पुत्र - पौत्र - कलत्र - सुहृत्स्वजन - सम्बन्धि - वधू - सहितस्य अमुकस्य + ते धनधान्यैश्वर्य - बल - बुद्धि - यशः प्रमोदोत्सवाः प्रवर्द्धन्तां ॥ धारा ॥ १७ ॥

शांतिधारा

तुष्टिरस्तु । पुष्टिरस्तु । वृद्धिरस्तु । कल्याणमस्तु । अविघ्नमस्तु । आयुष्यमस्तु । आरोग्यमस्तु । कर्मसिद्धिरस्तु ।

Scanned by CamScanner

इष्टसम्पत्तिरस्तु । काममांगल्योत्सवाः संतु । पापानि शाम्यंतु । घोराणि शाम्यंतु । पुण्यं वर्द्धतां । धर्मो वर्द्धतां । श्रीर्वर्द्धताम् । कुलं गोत्रं चाभिवर्धेताम् । स्वस्तिभद्रं चास्तु । झ्वीं क्ष्वीं हं सः स्वाहा । श्रीमज्जिनेन्द्रचरणारविंदेष्वानन्दभक्तिः सदास्तु ।

इस प्रकार मङ्गलकलश से धारा छोड़ते हुए पुण्याहवाचन के हो जाने पर वर-वधू को वर के बायें तरफ करके बैठा देना चाहिए ।

गृहस्थाचार्य निम्न आशीर्वाद सूचक श्लोक पढ़कर वर के तिलक करें ।

दीर्घायुरस्तु शुभमस्तु सुकीर्तिरस्तु,
सद्बुद्धिरस्तु धनधान्यसमृद्धिरस्तु,
आरोग्यमस्तु विजयोऽस्तु महोस्तु पुत्र -
पौत्रोद्भवोस्तु तव सिद्धिपतिप्रसादात् ॥ १ ॥

तिलक मन्त्र

मङ्गलं भगवान् वीरो, मङ्गलं गौतमोगणी ।
मङ्गलं कुन्दकुन्दाद्यो, जैनधर्मोस्तु मङ्गलम् ॥

हथलेवा छुड़ाना

इसके बाद हथलेवा छुड़ाने का दस्तूर कन्या का भाई अथवा कुल परम्परानुसार व्यक्ति से करावे. वर और वधू दोनों के हाथ से [विघ्नप्रणाशनविधौ इत्यादि जयमाला (पृष्ठ २६ - २७ पर मुद्रित) बोलकर] अर्घ चढ़ावे और पुष्पाञ्जलि क्षेपण करावे । तत्पश्चात् -

शांतिस्तव

जगति शांतिविवर्धनमंहसां,
प्रलयमस्तु जिनस्तवनेन मे ।
सुकृतबुद्धिरलं क्षमयायुतो,
जिनवृषो हृदये मम वर्तताम् ॥ १ ॥

चिद्रूपभावमनवद्यमिमं त्वदीयं,
ध्यायन्ति ये सदुपधिव्यतिहारमुक्तम् ।
नित्यं निरंजमनादिमनन्तरूपं,
तेषा महांसि भुवनत्रितये लसन्ति ॥ २ ॥
ध्येयस्त्वमेव भवपञ्चतयप्रसार,
निर्णाशकारणविधौ निपुणत्वयोगात् ।
आत्मप्रकाश-कृतलोकत-दन्यभाव -
पर्याय - विस्फुरणकृत्परमोऽसि योगी ॥ ३ ॥
त्वन्नाममन्त्रघनमुद्धतजन्मजात, -
दुःकर्मदावमभिशम्य शुभांकुराणि ।
व्यापादयत्यतुलभक्तिसमृद्धिभांजि,
स्वामिन्यतोऽसि शुभदः शुभकृत्वमेव ॥ ४ ॥
त्वत्पाद-तामरसकोष-निवासमास्ते,
चित्तद्विरेफसुकृति मम यावदीश ।
तावच्च संसृतिजकिल्विषतापशापः,
स्थानं मयि क्षणमपि प्रतियाति कच्चित् ॥ ५ ॥
त्वन्नाममंत्रमनिशं रसनाग्रवर्ति,
यस्यास्ति- मोहमदधूर्णननाशहेतु ।
प्रत्यूहराजिलगणोद्भवकालकूट :,
भीतिर्हि अस्य किमु संनिधिमेतिदेव ॥ ६ ॥
तस्मात्त्वमेव शरणं तरणं भवाब्धौ,
शान्तिप्रद : सकलदोषनिवारणेन ।
जागर्ति शुद्धमनसा स्मरतो यतो मे,
शान्तिः स्वयं करतले रभसाभ्युपैति ॥ ७ ॥

Scanned by CamScanner

पढ़ता हुआ गृहस्थाचार्य शांत्यर्थ जलधारा छोड़े । पश्चात् —

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसाधवः शांतिं पुष्टिं कुरु कुरु स्वाहा ॥

यह मन्त्र बोलकर वर और वधू के मस्तक पर पुष्पांजलि क्षेपण करे और इसके बाद -

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा अर्हदादिपरमेष्ठिनः संपूजिताः जः जः जः । अपराध - क्षमापनं भवतु ।

पुष्पाञ्जलि क्षेपण करते हुए विसर्जन करे ।

सासू द्वारा आरत्या करना

वर की सासू या सुवासिनी चतुर्मुख दीपक, अक्षत, रोली, कलश आदि रखे हुए थाल को हाथ में लेकर जाया - पति का आरत्या करे और तिलक लगावे ।

गृहस्थाचार्य का आशीर्वाद

इस प्रकार आरत्या हो चुकने के पश्चात् गृहस्थाचार्य दो पुष्प-मालायें लेकर निम्नलिखित आशीर्वाद सूचक मन्त्र पढ़ता हुआ वर और वधू दोनों को एक एक पहिना देवे ।

आरोग्यमस्तु चिरमायुरथो शचीव,
शक्रस्य शीतकिरणस्य च रोहिणीव ।
मेघेश्वरस्य च सुलोचनिका यथैषा,
भूयात्तवेप्सितसुखानुभवौघदात्री ॥ १ ॥

आयुः पुष्टिं करोतु प्रहरतु दुरितं मंगलालीं घिनोतु । सौभाग्यं वृद्धिमुच्चैर्नयतु वितरताद् वैभवं संचिनोतु ॥ रामापद्माभिरामा रमयतु सुयशः स्पष्टयित्वा तनोतु । पुत्रं पौत्रं प्रतापं प्रथयतु भवतामार्हतींभक्तिरुच्चैः ॥ २ ॥

तत्पश्चात् -

सुचिरं जीवताद्देवो जयवादभिनन्दतात् ।
प्रत्यावृत्य पुनश्चास्मान्नक्षतात्माभिरक्षतात् ॥ १ ॥

यह बोलकर चारों दिशाओं में तथा ऊपर और नीचे भी पुष्प क्षेपण करे ।

इसके बाद दूल्हा और दुलहिन श्रीजिनमन्दिरजी में जाकर अपने डेरे पर जावे ।

इति विवाह विधि ।

— x —

अन्य आवश्यक विधियाँ

जैन शास्त्रों में अनेक संस्कारों का वर्णन है परन्तु वर्तमान में उनका प्रचार नहीं । इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे भी संस्कार कराये जाते हैं जिनका जैन सिद्धान्त से मेल नहीं खाता । इधर लोगों के सम्पर्क में आने से देखा-देखी ही कराये जाते हैं । यहाँ उन्हीं का उल्लेख किया जा रहा है जो कई जगह प्रचलित हैं ।

मोदक्रिया संस्कार (आठवाँ)

यह संस्कार गर्भ के दिन से आठवें महिने में या नवें महिने के प्रारम्भ में कराया जाता है । इसमें भी विवाह-विधि के समान हवन-कुण्ड बनाकर नित्य पूजा और पूर्व में लिखे हुए सप्त पीठिका के मन्त्रों से हवन करने के पश्चात् इस क्रिया के खास मन्त्र —

सज्जातिकल्याणभागी भव ॥ १ ॥ सद्गृहकल्याणभागी भव ॥ २ ॥ वैवाहकल्याणभागी भव ॥ ३ ॥ मुनीन्द्रकल्याणभागी भव ॥ ४ ॥ सुरेन्द्र कल्याणभागी भव ॥ ५ ॥ मंदराभिषेक कल्याणभागी भव ॥ ६ ॥ यौवराज्य - कल्याणभागी भव ॥ ७ ॥

Scanned by CamScanner

महाराज्यकल्याणभागी भव ॥ ८ ॥ परमराज्यकल्याणभागी भव ॥ ९ ॥ आर्हत्यकल्याणभागी भव ॥ १० ॥

पढ़कर आहुति देवे और पुष्पक्षेपण करे । तदनन्तर शान्ति विसर्जन करे । गर्भिणी स्त्री अपने उदर पर गन्धोदक लगावे और पति

ॐ कं ठं ह्र : प : अ सि आ उ सा गर्भार्भकं प्रमोदेन परिरक्षत स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ़कर पत्नी के उदर पर गन्धोदक से लिखे और णमोकार मन्त्र पढ़कर रक्षासूत्र बाँधे ।

नाम कर्म संस्कार

यह संस्कार बालक के जन्म दिवस से दसवें या बारहवें दिन शुभ मुहूर्त में कराया जाता है । इस दिन जैन विवाह विधि में लिखित पूजा करे, सम्भव हो तो हवन भी करे । पश्चात् निम्न मन्त्र से बालक के समक्ष आहुति दे -

इत्यष्ट-सहस्त्रनामभागी भव । विजयनामाष्टसहस्त्रभागी भव । परमनामाष्टसहस्त्र भागी भव ।

पश्चात् बालक का कोई सुन्दर नाम रखना चाहिए ।

प्रथम जिन दर्शन

यह संस्कार बालक के ४० दिन के हो जाने के पश्चात् कराया जाता है । माता गाजे-बाजे के साथ बालक को लेकर जिनमन्दिर जाती है । इस दिन जिन भगवान की भक्ति भाव से पूजा करनी चाहिए और बालक के समक्ष 'ॐ नमोअर्हते भगवते जिनभास्कराय तव मुखं बालकं दर्शयामि दीर्घायुक्तं कुरु कुरु स्वाहा ।' यह मन्त्र बोलना चाहिए ।

बालक को पाट पर सुलाकर अष्ट मूल गुण उसके कान में बोलकर धारण कराना चाहिए । जब तक बालक पूर्ण समझदार न हो जावे तब तक इनके पालन कराने का उत्तरदायित्व माता पिता पर रहेगा ।

शिलान्यास विधि

भूमि की गुणवत्ता - भू भाग पर आवास बनाने सें पूर्व भूमि की गुणवत्ता के बारे में विचार करना चाहिए । शास्त्रकारों ने भूमि के लक्षणों में चार प्रकार की संज्ञा बताई है जो इस प्रकार है -

(i) ब्राह्मणी - सफेद रंग की मिट्टी वाली, कुशा सुगन्ध एवं मधुर रस युक्त भूमि ब्राह्मणी कहलाती है ।

(ii) क्षत्रिया - लाल रंग की मिट्टी वाली, शर (मूंज) युक्त, रक्त गंध एवं कसाय रस युक्त भूमि क्षत्रिया कहलाती है ।

(iii) हरे रंग की मिट्टी वाली, कुशकाश युक्त, सस्य (अन्न) गंध युक्त एवं अम्ल रस युक्त भूमि वैश्य कहलाती है ।

(iv) काले रंग की मिट्टी वाली, सब प्रकार के घास से युक्त, मद्य गंध एवं कटु रस युक्त भूमि शुद्रा कहलाती है ।

इनमे ब्राह्मणी भूमि सुखदा, क्षत्रिया राज्यप्रदा, वैश्या-धन धान्य प्रदात्री और शुद्रा भूमि त्यागने योग्य होती है ।

भूमि चयन - भूमि का चयन भवन निर्माण विधि का सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है क्योंकि योग्य भूमि पर निर्मित भवन ही दीर्घकाल तक स्थित रह कर कल्याण का साधन बन सकता है ।

जहाँ भवन निर्माण करना हो वह भूमि शुद्ध हो, रम्य, स्निग्ध एवं सुगन्ध वाली हो, पोली न हो, वहाँ कीड़ों मकोड़ों का निवास न हो, शमशान भूमि न हो, तथा अपने वर्ण सदृश गन्ध वाली एवं सुस्वाद युक्त हो, ऐसी भूमि ग्रहण करनी चाहिए ।

भूमि लक्षण एवं जल प्रवाह का फल -

(i) दक्षिण, पश्चिम, नैऋत्य एवं वायव्य में ऊंची भूमि को गज पृष्ठ भूमि कहते हैं । इस पर निवास करने से लक्ष्मी लाभ और आयु वृद्धि होती है ।

(ii) चारों ओर नीची तथा बीच में ऊँची भूमि को कूर्मपृष्ठ भूमि कहते हैं । इस पर निवास करने से प्रतिदिन उत्साह, सुख और धन धान्य की विपुल वृद्धि होती है ।

Scanned by CamScanner

(iii) पूर्व , आग्नेय और ईशान दिशा में ऊंची तथा पश्चिम में नीची भूमि को दैत्य पृष्ठ भूमि कहते हैं इससे धन, जन एवं सुखशान्ति की हानि होती है ।

(iv) पूर्व - पश्चिम दिशा में लम्बी, उत्तर, दक्षिण में ऊँची, और बीच में नीची भूमि को नाग पृष्ठ भूमि कहते हैं । इस पर निवास करने से उद्वेग, मृत्युभय, स्त्री पुत्रादि की हानि और शत्रु वृद्धि होती है ।

दिशागत भूमि की निम्नता और जल के बहाव का फल

क्र. स	दिशाएं व विदिशाएं	भूमि की निम्नता	फल	जल बहाव का फल
१	पूर्व में	नीची भूमि	गुणकारी, आयु बलादि वृद्धि, राज्य सम्मान	अत्यन्त लाभप्रद
२	आग्नेय में	नीची भूमि	अग्नि भय, शत्रु संताप, नित्यक्लेश	अग्नि भय
३	दक्षिण में	नीची भूमि	गृह और धन हानि तथा रोग वृद्धि	मृत्यु
४	नैऋत्य में	नीची भूमि	क्लेश, रोग, धन नाश, मृत्युप्रदा,	चोर भय
५	पश्चिम में	नीची भूमि	धन धान्य विनाश, शोक व दाह	शोक, परिताप
६	वायव्य में	नीची भूमि	कुल नाश, स्त्री नाश, शत्रु वृद्धि भय व दुःख	अन्न नाश
७	उत्तर में	नीची भूमि	पुत्र, धन, भोग, व्यापार, सुखादि की वृद्धि	अत्यन्त लाभप्रद
८	ईशान में	नीची भूमि	सुख, सौभाग्य, धन एवं धर्म वृद्धि	अत्यन्त लाभप्रद

भूमि परीक्षा -

(i) जहाँ मकान बनाना है उस भूमि में सर्व प्रथम स्वस्तिक बनाकर एक हाथ लम्बा चौड़ा गड्ढा खोदकर भूमि परीक्षण करे । गड्ढे में खुदी हुई मिट्टी वापस भरे । यदि मिट्टी कम रहे तो अशुभ, सम रहे तो मध्यम मिट्टी गड्ढे से अधिक रहे तो भूमि उत्तम जानना ।

(ii) उसी एक हाथ लम्बे चौड़े गड्ढे को जल से परिपूर्ण भरकर सौ कदम जाकर लौट आवे और देखे - यदि तीन अंगुल जल सूख जावे अर्थात् कम हो जावे तो भूमि अधम, दो अंगुल जल सूखे तो मध्यम और यदि एक ही अंगुल जल सूखे तो भूमि उत्तम जाने ।

भवन निर्माण कराने वाले को चाहिये कि वह मुहूर्तानुसार निर्दिष्ट दिशा में नींव का गड्ढा खुदावे ।

खात-निर्णय -

विवाहे	देवालये	गृहारंभे	जलाशये	दिशायां	खातम
२, ३, ४	१२, १, २	५, ६, ७	१०, ११, १२	अग्नि कोणे	खातम्
११,१२, १	९, १०, ११	२, ३, ४	७, ८, ९	नैऋक्त कोणे	खातम्
८, ९, १०	६, ७, ८	११, १२, १	४, ५, ६	वायव्य कोणे	खातम्
५, ६, ७	३, ४, ५	८, ९, १०	१, २, ३	ईशान कोणे	खातम्

(i) सूर्य का प्रवेश जब सिंह, कन्या व तुला राशि में हो तो अग्नि कोण में,

(ii) सूर्य का प्रवेश जब वृश्चिक, धनु व मकर राशि में हो तो ईशान कोण में,

Scanned by CamScanner

(iii) सूर्य का प्रवेश जब कुंभ, मीन व मेष राशि में हो तो वायव्य कोण में तथा

(iv) सूर्य का प्रवेश वृष, मिथुन व कर्क राशि में हो तो नैऋत्य कोण में खात भरना चाहिए अर्थात् शिलान्यास का मुहूर्त करना चाहिये। तात्पर्य यह है कि प्रत्येक तीन माह पश्चात् नींव के गर्त का स्थान बदलता रहता है ।

शिलान्यास विधि

जहाँ नींव का गड्ढा खुदा हो वहीं शुभ मुहूर्त में शिलान्यास मुहूर्त करना चाहिए । इस समय एक चौकी पर सिंहासन लगाकर उस पर विनायक यंत्र विराजमान करे । तत्पश्चात् नित्य नियम पूजन पूर्वक नव देव पूजन तथा विनायक यंत्र पूजन करे तथा निम्न प्रकार से वास्तु पूजन करावें -

दिग्बन्धन

ॐ ह्रां णमो अरहंताणं, ह्रां पूर्वदिशातः समागत विघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा ।

(प्रत्येक मन्त्र पढ़ने के पश्चात् पीली सरसों या पुष्प छोड़ें)

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं, ह्रीं दक्षिणदिशातः समागत विघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा ।

ॐ ह्रूं णमो आयरियाणं, ह्रूं पश्चिमदिशातः समागत विघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा ।

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं, ह्रौं उत्तरदिशातः समागत विघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा ।

ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं, ह्रः सर्वदिशातः समागत विघ्नान् निवारय निवारय मां रक्ष रक्ष स्वाहा ।

(सब दिशाओं में पीली सरसों या पुष्प फेंकें)

भूमिशुद्धि

ॐ ह्रीं अर्हं अ सि आ उ सा पञ्च परमेष्ठिभ्यो नमः क्ष्वीं भूः अमृतजलेन खन्ति (खान) शुद्धि करोमि ।

(यह पढ़कर गेंती पर जल के छींटे देवें)

ॐ क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः खन्ति चन्दनलेपं करोमि ।

(यह पढ़कर गेंती पर चन्दन से साथिया बनावे इसके पश्चात् नित्यमह नवदेव और विनायक यन्त्र का पूजन करें)

वास्तुविधान

एते वास्तुसुराः समस्तधरणीसंवाहिनी वाहिताः
प्रत्यूहाद्यविधायिनस्त्वपचिताः प्रत्यूहसंहारकाः ।
आद्याः प्रापितपूजनाः प्रमुदिताः सर्वप्रभाभान्विता -
यष्टुर्याजकभूपमन्त्रिसुजनानां च श्रियै सन्तु ते ॥ १ ॥
पृथ्वीविकारात् सलिलप्रवेशात्
अग्नेर्विदाहात् पवन प्रकोपात् ।
चौरप्रयोगादपि वास्तुदेवाः
चैत्यालयं रक्षतु वास्तुदेवः ॥ २ ॥

ॐ णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं ।
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ॥

ॐ ह्रीं सर्वशान्ति कुरुत कुरुत स्वाहा ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं अक्षीणमहानर्द्धिभ्यो नमः स्वाहा ॥ २ ॥

ॐ ह्रीं अक्षीणमहालयर्द्धिभ्यो नमः स्वाहा ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं दशदिशातः आगतविघ्नान् निवारय निवारय सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा ॥ ४ ॥

ॐ ह्रीं दुर्महूर्तदुः शकुनादिकृतोपद्रव शान्ति कुरु कुरु स्वाहा ॥ ५ ॥

Scanned by CamScanner

ॐ ह्रीं वास्तुदेवेभ्य: स्वाहा ॥ ६ ॥

ॐ ह्रीं परकृतमन्त्रतन्त्रडाकिनीशाकिनीभूतपिशाचादिकृतोपद्रव शान्ति कुरु कुरु स्वाहा ॥ ७ ॥

ॐ ह्रीं सर्वविघ्नोपशान्ति कुरुत कुरुत स्वाहा ॥ ८ ॥

ॐ ह्रीं सर्वाधि व्याधि शान्ति कुरुत कुरुत स्वाहा ॥ ९ ॥

ॐ ह्रीं सर्वत्र क्षेमं आरोग्यतां विस्तारय विस्तारय सर्व हृष्ट-पुष्टं प्रसन्नचित्तं कुरु कुरु स्वाहा ॥ १० ॥

ॐ ह्रीं यजमानादीनां सर्वसङ्घस्य शान्ति तुष्टि पुष्टि ऋद्धि वृद्धि समृद्धि अक्षीणर्द्धि पुत्रपौत्रादिवृद्धि आयुर्वृद्धि धन धान्य समृद्धि धर्मवृद्धि कुरुत कुरुत स्वाहा ॥ ११ ॥

ॐ क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः णमोऽर्हते सर्व रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा ॥ १२ ॥

ॐ भूर्भुव: स्व: नम: स्वाहा ॥ १३ ॥

ॐ ह्रीं क्रौं आं अनुत्पन्नानां द्रव्याणामुत्पादकाय, उत्पन्नानां द्रव्याणां वृद्धिकराय चिन्तामणिपार्श्वनाथाय वसुदाय नम: स्वाहा ॥ १४ ॥

(अर्घ चढ़ावे)

(नीचे लिखे मन्त्र पढ़कर खन्ति में पीली सरसों अथवा पुष्प छोड़े)

ॐ ह्रीं क्रौं इन्द्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं अग्नि - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं यम- वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं नैऋत्य- वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं वरुण - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ५ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं पवन - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ६ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं कुबेर - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ७ ॥

ॐ ह्रीं क्रौं कुबेर - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ७ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं ऐशान - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ८ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं आर्य - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ९ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं विवस्वान् - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १० ॥
ॐ ह्रीं क्रौं मित्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ११ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं भूधर - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १२ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं शचीन्द्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १३ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं प्राचीन्द्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १४ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं इन्द्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १५ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं इन्द्रराज - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १६ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं रुद्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १७ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं रुन्द्र - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १८ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं आप - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ १९ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं आपवत्स - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २० ॥
ॐ ह्रीं क्रौं पर्जन्य - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २१ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं जयन्त - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २२ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं भास्कर - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २३ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं सत्य - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २४ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं भृश - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २५ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं अन्तरीक्ष - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २६ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं पुष्प - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २७ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं वितथ - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २८ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं राक्षस - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ २९ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं गन्धर्व - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३० ॥

Scanned by CamScanner

ॐ ह्रीं क्रौं भृङ्गराज - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३१ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं मृषदेव - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३२ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं दौवारिक - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३३ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं सुग्रीव - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३४ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं पुष्पदन्त - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३५ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं असुर - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३६ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं शोष - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३७ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं रोग - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३८ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं नागराज - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ३९ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं मुख्य - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४० ॥
ॐ ह्रीं क्रौं भल्लारक - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४१ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं भृङ्ग - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४२ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं आदित्य - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४३ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं उदित - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४४ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं विचारदेव - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४५ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं पूतना - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४६ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं पापराक्षसी - वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४७ ॥
ॐ ह्रीं क्रौं चरकी वास्तुदेवाय स्वाहा ॥ ४८ ॥

तिर्यक्प्रचारा दशनेः प्रपापात् बीजप्ररोहाद् द्रुमखण्डतापात्
कीटप्रवेशादपि वास्तुदेवायः चैत्यालयं रक्षतु सर्वकालम् ॥

(इतीष्टप्रार्थनाय पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

इस प्रकार वास्तु पूजा करके गृहस्थाचार्य मंगलाष्टक पढ़तें हुए नींव के गर्त में पुष्प क्षेपण करे । पश्चात् यजमान के हाथ से कारीगर के तिलक करावे, माला पहनावे एवं १ $\frac{१}{४}$ किलो गुड़, श्री फल एवं नगद

रुपये देकर कारीगर का सम्मान करावे । करणी व हथौड़े के भी तिलक करावे एवं मौली बांधे । इसके बाद कारीगर एवं यजमान नींव के गड्ढे में जहाँ मुहूर्त सम्पन्न करना है उतरे एवं –

चतुर्णिकायामर संघएस, आगत्य यज्ञे विधिना नियोगम् ।
स्वीकृत्य भक्त्या हि यथाहिदेशे, सुस्था भवन्त्वान्हिक कल्पनायाम् ।

यह पढ़ कर पुष्प छोड़े । तत्पश्चात्

ॐ हूं फट् किरीटिं किरीटिं घातय घातय, परविघ्नान् स्फोटय - २ सहस्त्र खण्डान् कुरु कुरु परमुद्रां छिन्द छिन्द परमन्त्रान् भिन्दभिन्द क्षां क्षं वः फट् स्वाहा ।

यह मन्त्र पढ़कर नींव गर्त के दशों दिशाओं में पुष्प अथवा पीली सरसों फेंके । पश्चात्

ॐ ह्रीं वायुकुमाराय सर्व विघ्न विनाशनाय मही पूतां कुरु कुरु फट् स्वाहा ।

(यह पढ़कर दर्भपूल से भूमि का मार्जन करे ।)

ॐ ह्रीं मेघ कुमाराय धरां प्रक्षालय प्रक्षालय अं हं सं वं झं यः सः क्षः फट् स्वाहा ।

(यह पढ़कर दर्भपूल में जल लेकर भूमि को सींचे ।)

ॐ ह्रीं अग्नि कुमाराय भूमिं ज्वलय ज्वलय अं हं सं पं झं ठं यः क्षः फट् स्वाहा ।

(यह पढ़कर कपूर जलाकर भूमि को संतप्त करे)

ॐ ह्रीं क्रौं सष्ठि सहस्त्रसंख्येभ्यो नागेभ्यः स्वाहा ।

(यह पढ़कर भूमि को जल से सींचें)

अथ सिद्धार्थसत्पुञ्जान क्षिपेदिष्टार्थ सिद्धये ।
आग्नेयादि कोणेषु वेदिकाया विदध्यहे ।

यह पढ़कर आठों दिशाओं में पीली सरसों या पुष्प के पुञ्ज रखे ।

Scanned by CamScanner

बाणैश्चतुर्भिनिक्षितैर्जयाय, सिद्धार्थपुंजैश्च निजेष्टसिद्धयै ।
सन्तान वृद्ध्यै च यवारकै श्री वेद्याश्च कोणान् परिभूषयामि ।
ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः सर्वशान्ति कुरु कुरु स्वाहा ।

(यह पढ़कर चारों कोणों में पाँच अंगुल प्रमाण लोहे की शलाकाएं गाड देवें । इन शलाकाओं को तेल में भिगोकर रुई में लपेटकर गाडें ।)

अतितीक्ष्ण चतुर्बाणान् भव्यानां जललब्धये ।
आग्नेयादि कोणेषु वेदिका यां विदद्महे ।
ॐ ह्रीं श्रीं क्ष्वीं भूः रक्ष रक्ष स्वाहा ।

(यह पढ़कर गाड़ी हुई कीलों पर मौलि तीन बार लपेटे)

तत्पश्चात् यजमान के हाथ से करणी द्वारा पांच बार सीमेंट, बजरी का मिश्रित मसाला डलवायें । तत्पश्चात्

ॐ भगवते श्री पार्श्वनाथाय धरणेन्द्र पद्मावती सेविताय अट्ढे मुट्ट शुद्ध विटठेघभूत भविष्यत वर्तमानाय स्वाहा ।

(यह मन्त्र पढ़कर बीच में सोने की एक कील गाडें)

इसके बाद महर्षिपर्यूपाषन का पाठ बोले और एक ताम्रकलश जिस पर केसर से साथिया लिखा हो लेकर उसमें सर्वौसधि, पञ्चरत्न, पीली सरसों, हल्दी, सुपारी आदि द्रव्य, प्रचलित सिक्के, चांदी का सवा रुपया अथवा शक्त्यनुसार द्रव्य भरकर तथा पारा डालकर तैयार करे और सीमेंट मिश्रित मसाले पर जहाँ सोने की कील गाड़ी है वहाँ चाँदी का स्वास्तिक रखे और उसपर मातृ का यंत्र रखकर तथा ताम्रपत्र पर निम्न प्रशस्ति खुदवाकर रखदे ।

(प्रशस्ति) — **ॐ कुन्दकुन्दाम्नाये मूलसंघे सरस्वतीगच्छे बलात्कारगणे ..... वर्षे ..... मासे ..... पक्षे ..... तिथौ ..... वासरे ..... ग्रामें ..... श्रेष्ठिभिः निजभवनस्य नीव्रपूरणं क्रियते । स्वस्ति भवतु ।** तत्पश्चात् मातृका यंत्र पर

तीर्थाम्बुपूर्णशरणोत्तममङ्गलार्थं
संकल्पनादि समलंकृत शुभ्रकुम्भान् ।
वेद्यष्टदिक्षु विनिवेश्य सपञ्चवर्ण -
सूत्रेण तांस्त्रिगुणमेव वृणोमि सिद्ध्यै ॥

ॐ ह्री कलशस्थापनं करोमि ।

दिव्य - प्रदीप - कलिकोज्ज्वल - वर्ण - पूरै -
नीराजनार्थमुदितैर्वरभाजनस्यैः ।
नीराजयामि भगवज्जिनयज्ञवेदी
मोजोगुणस्य यजतामभिवर्धनाय ॥

(यह पढ़कर कलशों पर जलता हुआ दीपक रखें)

इसके बाद -

पाषाण की पाँच चोकोर शिलायें बनवाकर उन्हें गन्धोदक से प्रक्षालितकर मौलि से वेष्टित करे तथा उन पर **ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः ये पाँच** बीजाक्षर केसर से क्रम से एक एक पर लिखें और

शिलां विशालां लवणेण विद्धां,
सूत्रेण बद्धां समृदं सलोष्ठाम् ।
भौगौघपुष्ट्यै दुरितौघपिष्ट्यै,
वेद्याः अधस्ताद् विनिवेशयामि ॥

ॐ ह्रीं सर्वजनानन्दकारिणी सौभाग्यवति तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा ।

(यह पढ़कर मध्य में ह्रां बीजाक्षर वाली और फिर पूर्वादि चारों दिशाओं में ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः बीजाक्षर वाली शिलाएं रखे)

इसके बाद यजमान नौ बार णमोकार मन्त्र का जाप्य करें और नींव गर्त से ऊपर आकर पूजा के स्थान पर बैठे । इसके बाद गृहस्थाचार्य पूण्याहवाचन कराके शान्ति पाठ एवं विर्सजन करावे तथा आरत्या आदि लौकिक शिष्टाचार पूरा करके कार्य सम्पन्न करे ।

Scanned by CamScanner

जो घर पुरुष के अंगों के सदृश प्रमाणयुक्त होता है वह शुभप्रद होता है । किन्तु जिस घर के अंग न्यून या अधिक होते हैं वह शुभप्रद और ऋद्धि सिद्धि कारक नहीं होता ।

घर और दुकान कैसे बनाने चाहिए -

पीछे चौड़ा, टेड़ा मेढ़ा, तथा कोने वाला सूर्पाकार गृह अशुभ होता है । इसे बनाने वाला अशुभ गति को प्राप्त करता है और गृह स्वामी निर्धन होता है ।

सूर्पाकार गृह करें किन्तु बाँका चूंका और कोने वाला न करें । यदि आगे का भाग चौड़ा हो तो शुभ है किन्तु पीछे का भाग चौड़ा शुभ नहीं होता ।

दुकान के आगे का भाग ऊँचा और सिंह सदृश चौड़ा तथा मध्य में समान होना शुभ है ।

विशेष जानकारी के लिये वास्तुशास्त्र का अध्ययन करें अथवा वास्तुकार से सम्पर्क करें ।

गृह निर्माण पूरा हो जाने के बाद नवीन गृह प्रवेश का मुहूर्त चक्र सामान्य ज्ञान के लिये यहाँ दिया जा रहा है, इसका लाभ उठाया जा सकता है —

नवीन गृह प्रवेश मुहूर्त

नक्षत्र —	उत्तरा भाद्रपद, उषा, उफा, रोहिणी, मृगशिर, चित्रा, अनुराधा, रेवती
वार -	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनि वार
तिथि -	२ / ३ / ५ / ६ / ७ / १० / ११ / १२ / १३
लग्न —	२ / ५ / ८ / ११ उत्तम ३ / ६ / ९ / १२ मध्यम

इसी प्रकार जीर्ण गृह प्रवेश का भी विचार करना चाहिए —

जीर्ण गृह प्रवेश मुहूर्त

नक्षत्र —	शतभिषा , पुष्य, स्वाति, धनि., चित्रा, अनु., मृग., रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी
वार —	चन्द्र, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि वार
तिथि —	२ / ३ / ५ / ७ / १० / ११ / १२ / १३
मास —	कार्तिक, मार्गशीर्ष, श्रावण, माघ, फाल्गुन, बैसाख, ज्येष्ठ

नवगृह प्रवेश विधि

गृह प्रवेश भी वास्तुशास्त्र का महत्वपूर्ण प्रकरण होने के फलस्वरुप अब इस की विधि का उल्लेख किया जाता है । गृह प्रवेश भवन या गृह निर्माण के पश्चात् शुभ समय का निर्धारण करते हुए उसमें निवास करना आरम्भ किया जाता है । अत: किसी विद्वान् से गृह प्रवेश का शुभ मुहूर्त निकलवाना चाहिए । पश्चात् गृह प्रवेश के पूर्व दिन कम से कम ११ हजार शान्ति मन्त्र का जाप्य एवं शान्ति विधान की पूजा कराना चाहिए तथा रात्रि में महामन्त्र नवकार का जाप्य करना चाहिए । इसके लिये गृहस्थाचार्य को चाहिये कि वह नवनिर्मित भवन में योग्य स्थान देखकर उत्तम वेदी की रचना करे या बनी बनाई किसी मन्दिर से मंगा ले और उस पर यन्त्र, शास्त्र व कलश स्थापन करे । पश्चात् सकलीकरण पूर्वक जाप्य एवं शान्ति विधान की पूजा करावे तथा दूसरे दिन अर्थात् गृह प्रवेश के मुहूर्त के दिन नवदेव, विनायक यन्त्र व सिद्ध पूजा करके शिलान्यास विधि में दिये गये मन्त्रों से वास्तु पूजन सम्पन्न करे । इसके बाद हवन करके शुभ मुहूर्त के समय गृह स्वामी व स्वामिनी दोनों मंगल गीतों व वादित्रों के साथ मांगलिक द्रव्यों एवं जल से परिपूर्ण कलश में जल लावें । स्त्री के सिर पर कलश और पुरुष के हाथ में प्रकाश का द्योतक

Scanned by CamScanner

दीपक व अन्य मांगलिक द्रव्य एवं ऋतुफल रहे । गृहस्थाचार्य गृह प्रवेश के अवसर पर मंगल पाठ पढ़कर पति पत्नी पर पुष्प क्षेपण करे और द्वार के दोनों ओर केसर से स्वास्तिक तथा द्वार के ऊपरी भाग पर ॐ ह्रीं अर्हं नमः लिखे । तत्पश्चात् निम्न वाक्य का उच्चारण करते हुए गृहस्थाचार्य नवगृह में प्रवेश करावे —

"सर्वाणि मङ्गलानि, श्रियः, समृद्धयश्च अत्र अवतरंतु, सर्वे अन्तरायाः शाकिनी डाकिनी भूत पिशाचाश्च क्षिप्रं द्रवन्तु ।"

तत्पश्चात् जलपूर्ण घट को व गुड़ रसोई घर में और दीपक तथा अन्य मंगलद्रव्यों व ऋतुफलों को सोने व उठने बैठने के सभी कमरों में उच्च स्थान पर रखवा दे ।

इसके बाद गृहस्थाचार्य निम्न श्लोक का उच्चारण करता हुआ समस्त नवीन भवन में पुष्प क्षेपण करे -

विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति, शाकिनी भूत पन्नगाः ।
विषं निर्विषतां याति, स्तूयमाने जिनेश्वराः ।

इसके बाद मंगलकलश का जल प्रत्येक कमरे के उच्च स्थानों पर छिड़कावे एवं लोहे की चार कीलें चारों विदिशाओं में गड़वावे तथा समस्त भवन को मोली से वेष्टित करे और पत्तों की बांदरवाल से सुशोभित करावे । इस प्रकार सम्पूर्ण विधि को पूरा करके गृह स्वामी चतुर्विध दान देकर विधि को सम्पन्न करे तथा अन्त में अन्य सामाजिक रस्में (पहनना, ओढ़ना, लेनदेन आदि) पूरी करें ।

दुकान या कारखाने का मुहूर्त एवं दीपावली पूजन

दुकान व कारखाने के मालिक द्वारा निम्न प्रकार पूजा प्रारंभ करनी चाहिए । पृष्ठ १४ - १५ पर छपे ॐ जय जय आदि पाठ के पश्चात् देवशास्त्र गुरु की समुच्चय पूजा, नवदेव पूजा व विनायक यन्त्र पूजा करके निम्नलिखित पूजायें करे -

सरस्वती पूजा

दोहा - **जनम जरा मृत्यु छय करै, हरै कुनय जड़रीति ।**
भवसागर सों ले तिरे, पूजै जिनवचप्रीति ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती वाग्वादिनि ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः । अत्र मम सन्निहिता भव भव वषट् ।

क्षीरोदधि गङ्गा, विमल तरंगा, सलिल अभङ्गा, सुखसङ्गा ।
भरि कंचन झारी, धार निकारी, तृषा निवारी हित चंगा ॥
तीर्थङ्कर की धुनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि ज्ञानमई ।
सो जिनवरवानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन मानी, पूज्यभई ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

करपूर मँगाया, चन्दन आया, केशर लाया, रङ्ग भरी ।
शारद पद वन्दौं, मन अभिनन्दौं, पापनिकंदौं, दाहहरी ॥ ती. ॥ २ ॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा ।

सुखदास कमोदं, धारकमोदं, अति अनुमोदं चन्दसमं ।
बहुभक्तिबढ़ाई, कीरति गाई, होहु सहाई, मात ममं ॥ ती. ॥ ३ ॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

बहु फूलसुवासं, विमलप्रकाशं, आनंदरासं, लाय धरे ।
ममकाम मिटायौ, शील बढ़ायौ, सुख उपजायौ, दोष हरे ॥ ती. ॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।

पकवान बनाया, बहुघृत लाया, सब विधि भाया, मिष्ट महा ।
पूजूँ थुति गाऊं प्रीति बढ़ाऊं, क्षुधा नसाऊं हर्ष लहा ॥ ती. ॥ ५ ॥

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

करि दीपकज्योतं, तमछयहोतं, ज्योति उद्योतं, तुमहि चढ़ै ।

Scanned by CamScanner

तुमहो परकाशक, भरमविनाशक, हमधटभासक, ज्ञान बढ़ै । ती. ।
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।
शुभगंध दशोंकर, पावक में धर, धूप मनोहर खेवत हैं ।
सब पाप जलावै, पुण्य कमावै, दास कहावै सेवत हैं ॥ ती. ॥७॥
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।
बादाम छुहारी, लौंग सुपारी, श्रीफल भारी, ल्यावत हैं ।
मनवांछित दाता, मेट असाता, तुम गुन माता, ध्यावत हैं ॥ ती. ॥
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै फलं निर्वपामीति स्वाहा ।
नयननिसुखकारी, मृदुगुनधारी, उज्ज्वल भारी, मोल धरै ।
शुभगंध सम्हारा, वसन निहारा, तुमतन धारा, ज्ञान करे ॥ ती. ॥
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै वस्त्रं निर्वपामीति स्वाहा ।
जल चंदन अच्छत, फूल चरु चत, दीप, धूप अति फल लावै ।
पूजा को ठानत, जो तुम जानत, सो नर 'द्यानत' सुख पावै ॥ ती. ॥
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।
सोरठा – ओंकार ध्वनि सार, द्वादशाङ्ग वाणी विमल ।
नमो भक्ति उरधार, ज्ञान करै जड़ता हरै ॥
पहला आचारांग बखानो, पद अष्टादश सहस प्रमानो ।
दूजा सूत्रकृतं अभिलाषं, पद छत्तीस सहस गुरुभाषं ॥ १ ॥
तीजा ठाना अंग सुजानं, सहस बियालिस पद सरधानं ।
चौथा समवायांग निहारं, चौसठ सहस लाख इकधारं ॥ २ ॥
पंचम व्याख्याप्रज्ञप्ति दरशं, दोय लाख अट्ठाइस सहसं ।
छट्टा ज्ञातृकथा विस्तारं, पाँच लाख छप्पन हज्जारं ॥ ३ ॥
सप्तम उपासकाध्ययनांगं, सत्तर सहस ग्यारह लाख भंगं ।
अष्टम अन्तकृतं दस ईसं, सहस अठाइस लाख तेईसं ॥ ४ ॥

नवम अनुत्तरदश सुविशालं लाख बानवै सहस चवालं ।
दशम प्रश्न व्याकरण बिचारं, लाखतिरानव सोल हजारं ॥ ५ ॥
ग्यारम सूत्रविपाक सु भाखं, एक क्रोड़ चौरासी लाखं ।
चार कोड़ि अरु पन्द्रह लाखं, दो हजार सब पद गुरुशाखं ॥ ६ ॥
द्वादश दृष्टिवाद पन भेदं, इक सौ आठ कौड़िपद वेदं ।
अड़सठ लाख सहस छप्पन है, सहित पंचपद मिथ्याहन है ॥ ७ ॥
इक सौ बारह कोड़ि बखानो, लाख तिरासी ऊपर जानो ।
ठावन सहस पञ्च अधिकाने, द्वादश अंग सर्व पद माने ॥ ८ ॥
कौड़ि इकावन आठहिं लाखं, सहस चुरासी छहसो भाख ।
साढ़े इक्कीस श्लोक बताये, एक एक पद के ये गाये ॥ ९ ॥
घत्ता - जा वानी के ज्ञान तें, सूझै लोक अलोक ।
'द्यानत' जग जयवन्त हो, सदा देत हों धोक ॥ १० ॥
ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वती देव्यै पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा

श्री वर्द्धमान जिन पूजा

मत्तगयन्द

श्रीमत वीर हरै भव पीर, भरै सुख सीर अनाकुलताई ।
केहरि अङ्क अरीकरदंक नये हरि पंकति मौलि सुआई ॥
मैं तुमको इत थापतु हौं, प्रभु भक्ति समेत हिये हरषाई ।
हे करुणाधनधारक देव ! इहाँ अब तिष्ठहु शीघ्रहि आई ॥
ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं ।
ॐ ह्रीं श्री महावीरजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

छन्द अष्टपदी

क्षीरोदधि सम शुचि नीर, कञ्चन भृङ्ग भरो ।
प्रभु वेग हरो भवपीर, यातैं धार करौं ॥

Scanned by CamScanner

श्रीवीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो ।
जय वर्द्धमान गुण धीर, सन्मति दायक हो ॥ १ ॥

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

मलयागिरि चन्दन सार, केसर संग घसों ।
प्रभु भव आताप निवार, पूजत हिय हुलसों । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा ।

तन्दुल सित शशि सम शुद्ध, लीनो थार भरी ।
तसु पुञ्ज धरों अविरुद्ध, पावों शिव नगरी । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अक्षय पद प्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

सुरतरु के सुमन समेत, सुमन सुमन प्यारे ।
सो मनमथ- भञ्जन हेत, पूजों पद थारे । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।

रस रज्जत सज्जत सद्य, मज्जत थार भरी ।
पद जज्जत रज्जत अद्य, भज्जत भूख अरी । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

तम खंडित मंडित- नेह, दीपक जोवत हों ।
तुम पदतर हे सुख गेह, भ्रमतम खोवत हों । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय मोहान्धकार विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

हरिचन्दन अगर कपूर, चूर सुगन्ध करा ।
तुम पदतर खेवत भूरि, आठों कर्म जरा । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

ऋतुफल कलवर्जित लाय, कञ्चन थार भरों ।
शिवफल हित हे जिनराय, तुम ढिग भेंट धरों । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरों ।
गुण गाऊं भवदधि तार, पूजत पाप हरों । श्री वीर. ।

ॐ ह्रीं श्री महावीर जिनेन्द्राय अनर्घ्यपद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंच कल्याणक

मोहि राखो हो शरणा, श्री वर्धमान जिनरायजी । मोहि. ।
गरभ षाढ़ सित छट्ठ लियो तिथि, त्रिशलाउर अघहरना ॥
सुर सुरपति तित सेवकरी नित, मैं पूजौं भवतरना । मोहि. ।

ॐ ह्रीं आषाढशुक्लाषष्ठ्यां गर्भावतरण मंगलप्राप्ताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

जनम चैत सित तेरस के दिन, कुण्डलपुर कनवरना ।
सुरगिरि सुरगुरु पूज रचायो, मैं पूजों भव हरना । मोहि. ।

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लात्रयोदश्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

मंगसिर असित मनोहर दशमी, ता दिन तप आचरना ।
नृपति कूल घर पारण कीनो, मैं पूजों तुम चरना । मोहि. ।

Scanned by CamScanner

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षकृष्णादशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

शुकल दशै वैशाख दिवस अरि, घाति चतुक क्षय करना ।
केवल लहि भवि भवसर तारे, जजों चरन सुख भरना । मोहि. ।

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लादशम्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

कार्तिक श्याम अमावस शिव तिय पावापुरतैं वरना ।
गणफणिवृन्द जजै तित बहुविधि, मैं पूजों भव हरना । मोहि. ।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णामावस्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीमहावीर जिनेन्द्राय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

जयमाला (छन्द हरिगीता)

गणधर, असनिधर, चक्रधर, हरधर गटाधर वरवदा ।
अरु चापधर विद्यासुधर, त्रिशूलधर सेवहि सदा ॥
दुख हरन आनन्द - भरन तारन तरन चरन रसाल है ।
सुकुमाल गुनमनिमाल उन्नत भाल की जयमाल है ॥ १ ॥

छन्द घत्ता

जय त्रिशलानन्दन हरिकृतवन्दन जगदानन्दन चन्दवरं ।
भवतापनिकन्दन तनमनकन्दन रहित सपन्दन नयनधरं ॥ २ ॥

छन्द त्रोटक

जय केवलभानु कला सदनं, भवि कोक विकासन कञ्जवनं ।
जगजीत महारिपु मोह हरं, रजज्ञान दृगांवर चूर करं ॥ १ ॥
गर्भादिक मंगल मण्डित हो, दुख दारिद को नित खंडित हो ।
जगमांहि तुम्हीं सत पंडित हो, तुमही भव भावविंहडित हो ॥ २ ॥
हरिवंश सरोजनको रवि हो, बलवन्तमहन्त तुमही कवि हो ।
लहि केवल धर्म प्रकाश कियो, अबलौं सोई मारग राजति यों ॥३॥

पुनि आप तने गुनमाहिं सही, सुरमग्न रहे जितने सबही ।
तिनकी वनिता गुन गावत हैं, लय माननि सों मन भावत हैं ॥ ४ ॥
पुनि नाचत रङ्ग उमङ्ग भरी, तव भक्ति विषै पग एम धरी ।
झननं झननं झननं झननं, सुरलेत तहाँ तननं तननं ॥ ५ ॥
घननं घननं घन घण्ट वजे, द्दम द्दम द्दम द्दम मिरदङ्ग सजै ।
गगनांगन-गर्भगता सुगता, ततता ततता अतता वितता ॥ ६ ॥
धृगतां धृगतां गति बाजत है, सुरताल रसाल जु छाजत है ।
सननं सननं सननं नभ में, इकरूप अनेक जु धारि भ्रमैं ॥ ७ ॥
केइ नारि सुवीन बजावति हैं, तुमरो जस उज्जवल गावति हैं ।
करताल विषैं करताल धरैं, सुरताल विशाल जु नाद करैं ॥ ८ ॥
इन आदि अनेक उछाह भरी, सुर भक्ति करै प्रभुजी तुमरी ।
तुमही जगजीवन के पितु हो, तुमही विन कारनतैं हितु हो ॥ ९ ॥
तुमही सब विघ्न विनाशक हो, तुमही निज आनन्द भासक हो ।
तुमही चित चिंतितदायक हो, जगमाहिं तुमही सब लायक हो ॥१०॥
तुमरे पन मङ्गल माहिं सही, जिय उत्तम पुण्य लियो सबही ॥
हमको तुमरी शरणागत है, तुमरे गुनमें मन पागत हैं ॥ ११ ॥
प्रभु मो हिय आप सदा बसिये, जबलौं वसु कर्म नहीं नसिये ॥
तबलौं तुम ध्यान हिये वरतों, तबलों श्रुतचिंतन चित्तरतो ॥ १२ ॥
तबलों व्रत चारित चाहतु हों, तबलों शुभ भाव सुगाहतु हों ।
तबलों सत संगति नित्त रहो, तबलों मम संयम चित्तगहो ॥ १३ ॥
जबलों नहिं नाश करौं अरिको, शिवनारि वरौं समताधरिको ।
यह द्यो तबलों हम को जिनजी, हम जाचतु हैं इतनी सुनजी ॥ १४ ॥

घत्ता – श्री वीर जिनेशा, नमतसुरेशा, नागनरेशा, भगति भरा ।
'वृन्दावन' ध्यावै, विघन नशावै, वांछित पावै शर्मवरा ॥ १५ ॥

ॐ ह्रीं महावीर जिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

Scanned by CamScanner

दोहा – श्रीसन्मति के जुगलपद, जो पूजै धरि प्रीत ।
"वृन्दावन" सो चतुर नर, लहै मुक्ति नवनीत ॥

इत्याशीर्वादः ।

सुनिये जिनराज त्रिलोक धनी । तुममें जितने गुन हैं तितनी ।
कहि कौन सकै मुखसों सबही । तिहिं पूजतहों गहि अर्घ यही ॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादि वीरान्तेभ्यो चतुर्विंशतिजिनेभ्यः पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

कवित्त

ऋषभ देवको आदि अन्त, श्रीवर्द्धमान जिनवर सुखकार ।
तिनके चरण कमलको पूजै, जो प्राणी गुणमाल उचार ।
ताके पुत्रमित्र धन जोवन, सुख समाज गुन मिलै अपार ।
सुरपदभोग भोगि चक्री ह्वै, अनुक्रम लहै मोक्षपद सार ॥ २ ॥

इत्याशीर्वादः ।

पश्चात् गृहस्थाचार्य प्रमुख वही या रजिस्टर में प्रारम्भ के दो पृष्ठ छोड़ कर तीसरे पृष्ठ में केसर या रोली से साथिया बनाये और उसके नीचे निम्नांकित मङ्गल सूचक वाक्य लिखे –

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमो गणी ।
मंगलं कुन्दकुन्दाद्यो, जैन-धर्मोऽस्तु मङ्गलम् ॥

श्री
श्री श्री
श्री लाभ श्री श्री श्री श्री शुभ
श्री श्री श्री श्री
श्री श्री श्री श्री श्री

श्री वृषभाय नमः, श्री महावीराय नमः, श्री गौतम गणधराय नमः, श्री जिनमुखोद्भव सरस्वती देव्यै नमः, श्रीजिन केवलज्ञान लक्ष्मी देव्यै नमः श्री शुभ मिती ..... सम्वत् ..... वीरनिर्वाण सम्वत् ..... तदनुसार ..... वार दिनांक ..... सन् ..... ई को ..... बजे शुभ लग्न एवं मुहूर्त में फर्म ..... का शुभारम्भ मुहूर्त जैन विधि विधानानुसार सम्पन्न हुआ ।

इसके बाद पान पर ॐ या साथिया लिखकर बही में रखे और हल्दी व सुपारी तथा फल रखे और पुष्प क्षेपण करे ! पश्चात् विवाह विधि में दिया गया पुण्याहवाचन पढ़े । पश्चात् मङ्गलाष्टक पढ़कर पुष्प क्षेपण करे और शान्ति विर्सजन करके मुहूर्त सम्पन्न करे । पश्चात् निम्नलिखित जिनवाणी की आरती करे ।

॥ जिनवाणी माता की आरती ॥

जय अम्बे वाणी, माता जय अम्बे वाणी ।
तुमको निश दिन ध्यावत सुरनर मुनि ज्ञानी ॥ टेर ॥
श्री जिन गिरतें निकसी, गुरु गौतम वाणी ।
जीवन भ्रम तम नाशन दीपक दरशाणी ॥ जय. ॥ १ ॥
कुमति कुचालक चरण, वज्र सु सरधानी ।
नव नियोग निक्षेपण दरशाणी ॥ जय. ॥ २ ॥
पातक पङ्क पखालन, पुण्य ही पावे पाणी ।
मोहमहार्णव डूबत, तारण नौकाणी ॥ जय. ॥ ३ ॥
लोकालोक निहारण, दिव्य नेत्र स्थानी ।
निज पर भेद दिखावन, सूरज किरणानी ॥ जय. ॥ ४ ॥
श्रावक मुनिगण जननी, तुमही गुणखानी ।
सेवक लख शुभदायक, पावन परमाणी ॥ जय. ॥ ५ ॥

इस अवसर पर दुकान के मालिक को यथाशक्ति दान देना चाहिये ।

* * *

Scanned by CamScanner

जैन संस्कार विधि योग्य सामग्री

वैवाहिक सामग्री

मन्दिर से प्राप्त करने योग्य उपकरण :—

चांदी के बांस ४, चन्दवा १, हवन कुण्ड १, वेदी १, सिंहासन १, छत्र १, अष्ट मंगल द्रव्य ८, शास्त्र १, चौकी ४, चंवर २, पाटे २, थाली ३, ठोणा १, छोटी रकाबी ७, छोटे कलश ७, छोटी प्याली १, प्याला १ ।

पूजन सामग्री :— चांवल १ किलो, केशर आधा ग्राम, गोलागिरी ५० ग्राम, चन्दन घूप १० ग्राम, लौंग ५ ग्राम, बादाम ३० ग्राम, ~~कवले गट्ठे ३० ग्राम~~, चिरोंजी २० ग्राम ।

हवन सामग्री :— बादाम गिरी १० ग्राम, पिस्ता १० ग्राम, छुहारे ३० ग्राम, खोपरा १०० ग्राम, इलायची ५ ग्राम, चारोली २० ग्राम, (इन सबको कूटकर चूर्ण बना लेना चाहिए) दशांग धूप १५० ग्राम, बूरा देशी १०० ग्राम ।

समिध :— लाल चन्दन ५० ग्राम, सफेद चन्दन ५० ग्राम, देवदारु १०० ग्राम (पीपल, बबूल आदि की समिध ३ किलो ।)

अन्य सामग्री :— रोली ५० ग्राम, मोली २० ग्राम, लाल गुलाल ५० ग्राम, हल्दी पिसी हुई ५० ग्राम, लकड़ी की खूंटियां ४, चाटू १, दीपक ५, रुई (बत्ती के लिये), माचिस १ पेटी, पान नागरबेल ७, कुम्भ कलश २, लाल कपड़ा एक मीटर, नारियल ४, कलदार रु. २, चवन्नी २, गजरे २, फल मालाएँ ५, खुल्ले फूल १०० ग्राम, मेंहदी पिसी हुई २० ग्राम, सावुत सुपारी १०, हल्दी की गांठें ५, अगरबत्ती १ पैकेट, घी देशी ५०० ग्राम, कपूर १०० ग्राम ।

नवगृह प्रवेश हेतु आवश्यक सामग्री :— उपरोक्त सभी सामग्री के साथ-साथ निम्न सामग्री और चाहिए - कुम्भ कलश २, गोटा २ मीटर, कैंची १, लालटेन (चौमुखी) १, इण्डी १, दुपट्टा १, गुड़ सवा किलो, फल सवा किलो, लोहे की कीलें (नागफनी) ४, छानने की रेजी १ मीटर ।

शिलान्यास हेतु आवश्यक सामग्री :— उक्त मन्दिर के सामान एवं पूजन सामग्री के साथ-साथ निम्न सामग्री और ली जावे । कुम्भ कलश १, नारियल ४, लाल कपड़ा १ मीटर, रोली ५० ग्राम, मोली २० ग्राम, गुड़ सवा किलो, दुपट्टा १, कलदार रुपये २, चवन्नी २, दीपक ५, रुई, माचिस, घी (दीपक जलाने के लिये), गजरे २, फूलमाला २, मातृका यन्त्र १, तांबे का कलश मयढक्कन १, नवरत्न की पुड़िया १, प्रचलित सिक्के, सोने चांदी की फांस (सर्प सर्पिणी-कच्छप) चौकोर पत्थर ६, पान ५, सुपारी ५, हल्दी की गांठ ५, कपूर ५ ग्राम ।

दुकान अथवा कारखाने का मुहूर्त हेतु :— मन्दिर से चौकी २, पाटे २, सिंहासन १, छत्र १ तथा पूजन योग्य बर्तन ।

पूजन सामग्री :— चांवल ५०० ग्राम, केशर आधा ग्राम, गोला गिरी ५० ग्राम, धूप १० ग्राम, कपूर १० ग्राम, लौंग १० ग्राम, बादाम ३० ग्राम, चारोली २० ग्राम ।

अन्य सामग्री :— कुम्भ कलश १, नारियल २, लाल कपड़ा १ मीटर, कलदार रुपये २, चवन्नी २, रोली ५० ग्राम, मोली २० ग्राम, दीपक १, रुई, माचिस, दीपक जलाने वास्ते घी, गजरे २, फूलमाला ५, पान १०, सुपारी ५, हल्दी की गांठ ५, फल ५ । आवश्यक बहीखाते व दवात कलम आदि ।

नामकरण संस्कार :— उपरोक्त दुकान अथवा कारखाने के मुहूर्त में लिखी सभी सामग्री (बही खातों के अतिरिक्त) तथा हवन सामग्री उपरोक्त अनुसार । इति ।

*****

Scanned by CamScanner

मुद्रक — श्री वीर प्रेस, मनिहारों का रास्ता, जयपुर - 3

Scanned by CamScanner

हमारे प्रमुख प्रकाशन

सिद्धचक्र मण्डल विधान	50.00	नवग्रह विधान.	5.00
नित्यपूजा पाठ संग्रह	60.00	चि.पार्श्व.व त्रिलोक समु. पूजा	2.00
नित्यपूजा (दैनिक पर्व) सजिल्द	40.00	रविव्रत कथा व मंडल पूजा	6.00
स्तोत्र पाठ संग्रह सजिल्द	35.00	रोटतीज पूजा व कथा	3.00
दर्शन सामायिक पूजा पाठ संग्रह	10.00	तीर्थ क्षेत्र पूजा संग्रह	30.00
चौसठ ऋद्धि पूजा सजिल्द	15.00	जैन संस्कार विधि	10.00
सोलहकारण विधान सजिल्द	16.00	जैनदर्शनसार संस्कृत हिन्दी	
वर्तमानचतुर्विंशतिपूजा (वृन्दा.)	25.00	सहित (एम.ए. कोर्स में)	50.00
श्री विद्यमान बीस तीर्थंकर पूजा	20.00	व्रत कथा संग्रह	12.00
दशधर्म भावना-(सदासुखजी)	8.00	निशिभोजनत्याग वर्णन	1.00
षोडशकारण भावना (सदासुखजी)	13.00	स्वानुभाव दर्पण	3.00
दशलक्षण मण्डल विधान	15.00	दर्शन सामायिक पाठ	4.00
अनन्त व्रत कथा पूजा	2.00	भक्तामर तत्त्वार्थ सूत्र	5.00
लब्धि विधान व्रत पूजा	8.00	णमोकार महामंत्र व भक्तामरपूजा	4.00
सुगन्धदशमी कथा व पूजा	5.00	भक्तामर स्तोत्र जेबी साइज	2.00
रविव्रत कथा व पूजा	4.00	भक्तामर स्तोत्र भाषा (हेमराज)	2.00
अष्टाह्निका व्रत कथा व पूजा	4.00	भक्तामर स्तोत्र संस्कृत (हिन्दी पद्य.	
कांजिकाव्रतोद्यापन पूजा कथा	4.00	अन्वयार्थ एवं भावार्थ सहित	5.00
अठारह नाता सीता बनवास	2.00	कल्याण मंदिर (भाषा)	1.00
कर्मनिर्झरव्रत पूजा (झरका तेला)	4.00	इष्टछतीसी	2.00
चन्दनषष्ठी व्रत कथा पूजा	4.00	जयपुर जैन मंदिर विवरण	4.00
सौभाग्य दशमी व्रत कथा पूजा	3.00	मेरी भावना	0.50
रत्नत्रय विधान	10.00	सप्त चालीसा संग्रह	3.00
श्रीसिद्धक्षेत्र सम्मेदशिखर पूजा विधान	3.00	चन्द्रप्रभ चालीसा	1.00
तीन चौबीसी पूजा कथा (रोटतीज)	6.00	घोड़ी, [illegible] व अठाइयाँ	3.00
छहढाला मूल	3.00	[illegible] एवं	
तत्त्वार्थ सूत्र (अर्थ सहित)	10.00	याग मण्डल विधान	20.00
नन्दू सप्तमी (निर्दुक्ख सप्तमी)	3.00	पंचमेरू नन्दीश्वर विधान	10.00
पंच परमेष्ठी मण्डल विधान	6.00	ऋषिमण्डल यंत्र-पूजा	4.00
नित्य व शांति विधान मण्डल पूजा	13.00	आरती संग्रह	3.00

अन्य-हमारे यहां बनारस, सूरत, कोलकाता, जबलपुर, किशनगढ़, देहली, श्रीमहावीरजी, बम्बई आदि सभी स्थानों के ग्रन्थ मिलते है।

वीर पुस्तक भण्डार, मनिहारों का रास्ता, जयपुर-3
फोन : ऑफिस : 2313525, नि. : 26[illegible]

Scanned by CamScanner